हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 11 अक्टूबर 2026

06 ठगी और साइबर अपराधों से बचने के बताए उपाय



09 आज से नवरात्रि पर्व की शुरुआत, शहर में 100 से अधिक स्थानों पर सजेंगी झांकियां



समाचार संक्षेप

नरवाई जलाने पर प्रतिबंध, उल्लंघन पर लगेगा 15 हजार का जुर्माना

गुना। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार कन्याल ने फसल कटाई के बाद धान एवं मक्का के अवशेष जलाने से होने वाले प्रदूषण और आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। आदेश के तहत नरवाई जलाना प्रतिबंधित रहेगा। उल्लंघन पर भूमि के रकबे के अनुसार 2,500 से 15,000 रुपये तक पर्यावरणीय मुआवजा देना होगा। दो एकड़ तक भूमि पर 2,500 रुपये, दो से पांच एकड़ से कम पर 5,000 रुपये तथा पांच एकड़ से अधिक भूमि पर 15,000 रुपये प्रति घटना मुआवजा निर्धारित किया गया है। कंबाइन हार्वेस्टर संचालकों को स्ट्रॉ रीपर लगाकर फसल अवशेष से भूसा बनाना और कृषि अभियांत्रिकी कार्यालय में पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। आगजनी रोकने के लिए मशीनों के साथ अग्निशमन उपकरण, रेत एवं पानी की व्यवस्था भी करनी होगी। नरवाई जलाने पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत कार्रवाई भी की जा सकती है। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर 10 फरवरी 2027 तक प्रभावशील रहेगा।

डिप्टी कलेक्टरों ने बालाजी प्राइवेट हॉस्पिटल का किया निरीक्षण

गुना। डिप्टी कलेक्टर दिव्यांशु शिवहरे एवं डिप्टी कलेक्टर महिमा चौधरी ने शनिवार को शहर के बालाजी प्राइवेट हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल संचालन से संबंधित आवश्यक लाइसेंस एवं प्रमाण पत्रों की जांच की गई। साथ ही दवाओं के स्टॉक, स्टाफ से संबंधित जानकारी तथा अस्पताल के सभी वार्डों का निरीक्षण किया गया।

मानव उत्थान सेवा समिति ने जिला अस्पताल में चलाया स्वच्छता अभियान



गुना। सद्गुरुदेव सतपाल महाराज की प्रेरणा से संपूर्ण भारतवर्ष में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के अंतर्गत गुना जिला अस्पताल परिसर में मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। महात्मा लीलावती बाई जी के निर्देशन में आयोजित इस अभियान के दौरान अस्पताल परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।अभियान में भाजपा जिला मंत्री संतोष धाकड़, शाखा प्रधान बृजेश धाकड़, मानव सेवा दल के जिला प्रमुख लक्ष्मी नारायण ओझा, जिला सचिव प्रमोद रघुवंशी, वार्ड क्रमांक 22 के पार्षद राजू ओझा, अशोक राठौड़, सुरेश साहू, रामस्वरूप धाकड़, ईश्वर लाल धाकड़, पहलवान सिंह ओझा, गोपाल कुशवाहा, सुखलाल पाल, हरि बल्लभ, मोहर सिंह, रामकुमार कालावत एवं वीरेंद्र लोधा सहित मानव सेवा दल और यूथ टीम के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की इस पहल के माध्यम से अस्पताल परिसर को स्वच्छ रखने का संदेश दिया ।

विश्व मानसिक दिवसः प्रमोद भार्गव ने दो निराश्रितों को दिलाया आश्रय



गुना। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर समाजसेवी प्रमोद भार्गव ने मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे दो निराश्रित लोगों को शिवपुरी स्थित अपना घर आश्रम में आश्रय दिलाया। भार्गव पिछले कई वर्षों से ऐसे लोगों की सहायता, पुनर्वास और उनके परिजनों को तलाशने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, समय पर उपचार और सामाजिक सहयोग बेहद जरूरी है। मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों के साथ भेदभाव करने के बजाय उन्हें सम्मान और अपनापन देना चाहिए। भार्गव ने बताया कि वे मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक अभियान चलाएंगे।

सिंगवासा तालाब के पास मिला था शव, पत्नी ने फोन पर धमकी मिलने का किया दावा

हिस्ट्रीशीटर की गला रेतकर हत्या दो आरोपी ललितपुर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंगवासा तालाब के निकट एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। बीती शाम अज्ञात बदमाशों ने एक 33 वर्षीय युवक की धारदार हथियार से गला रेंतकर निर्ममता से हत्या कर दी। युवक शहर में हिस्ट्रीशीटर बताया जाता है। इस जघन्य हत्याकांड के बाद से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और लोगों में भारी दहशत का माहौल है। हत्या में दोनों आरोपी हेमू उर्फ हेमंत पुत्र राजू सोनी निवासी बूढ़े बालाजी गुना एवं संजू साहू उर्फ संजू सैमसन पुत्र परमाल साहू निवासी बूढ़े बालाजी हरिपुर रोड़ गुना को उत्तरप्रदेश के ललितपुर जिले से गिरफ्तार कर लिया गया है।



वेयरहाउस पर करता था हम्माली का काम

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान नानाखेड़ी स्थित वेयरहाउस पर हम्माली का काम करने वाले नवनीत उर्फ नव्बू गोस्वामी (33) के रूप में हुई है, जो गुना के ही हनुमंता इलाके का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि नवनीत पिछले एक दिन से अपने घर से निकला हुआ था और वापस नहीं लौटा था। शुक्रवार शाम सिंगवासा तालाब के पास उसका शव मिलने से हडक़ंप मच गया। हत्यारों ने बेरहमी से उसका गला रेंतकर मौत के घाट उतार दिया।

पत्नी और परिजनों के गंभीर आरोप

इस सनसनीखेज मामले में मृतक की पत्नी ने सनसनीखेज खुलासे किए हैं। पत्नी का दावा है कि बीती रात करीब साढ़े आठ बजे उसके पास एक अनजान नंबर से फोन आया था, जिसमें उसे खुलेआम धमकी दी गई थी कि उसके पति को मार दिया गया है। इतना ही नहीं, मृतक की पत्नी ने खेजरा रोड पर रहने वाली एक महिला पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि नवनीत के उस महिला के साथ संबंध थे और उसी महिला ने उसे फोन करके बुलाया था, जिसके बाद सुनियोजित तरीके से उसकी हत्या करवा दी गई। वहीं, मृतक के भाई ने भी इस हत्याकांड में चार से पांच लोगों के शामिल होने की आशंका जताई है और पुलिस के सामने कुछ संदिग्धों के नाम भी उजागर किए हैं।

पुलिस की जांच शुरू

घटना की सूचना मिलते ही कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने रक्तरंजित शव को अपने कब्जे में लेकर जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया, जहां शनिवार को डॉक्टरों की टीम द्वारा पीएम कराया गया।

पुलिस ने परिजनों के बयानों और कॉल डिटेल के आधार पर मामले की गहराई से छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को बेनकाब कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

इनका कहना है...

सिंगवासा तालाब के पास हत्या हुई है। जिसमें पुलिस को रात में सूचना मिली थी कि कुछ लोगों ने एक व्यक्ति को मारकर वहां छोड़ दिया है। पुलिस ने शव को बरामद कर एफआईआर पंजीबद्ध की। आरोपियों को ललितपुर उप्र से पकड़ लिया है। मृतक कोतवाली क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर था।

- हितिका वासल, एसपी गुना

म्याना से लौट रहे बाइक सवार चाचा-भतीजे को अज्ञात वाहन ने कुचला, दोनों की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के म्याना-भदौरा मार्ग पर एक दर्दनाक सडक़ हादसे में बाइक सवार चाचा-भतीजे की असमय मौत हो गई। म्याना से गांव लौटते समय भदौरा के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने इलाज के लिए भोपाल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। शनिवार को जिला अस्पताल में दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक के भाई गड्डू बारेला ने बताया कि उनके भाई संजय बारेला (26) और चाचा रामसिंह बारेला (36) किसी काम से म्याना गए हुए थे। शुक्रवार देर रात दोनों अपनी मोटरसाइकिल से वापस गांव लौट रहे थे, तभी भदौरा के निकट किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना परिजनों को रात करीब 11:30 बजे मिली, जिसके बाद वे तुरंत जिला अस्पताल पहुंचे। हादसे में रामसिंह बारेला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो चुकी थी, जबकि गंभीर रूप से घायल संजय बारेला की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें भोपाल रेफर कर दिया। हालांकि, भोपाल ले जाते समय बीनागंज के समीप संजय ने भी रास्ते में दम तोड़ दिया। दोनों मृतक खेती-बाड़ी का कार्य करते थे और विवाहित थे। रामसिंह और संजय दोनों अपने पीछे दो-दो मासूम बच्चों व रोते-बिलखते परिवार को छोड़ गए हैं।

खेत से लौट रहे किसान पर बदमाशों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग, कंधे में लगी गोली



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रिछेरा गांव में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। खेती का काम खत्म कर अपने घर लौट रहे एक युवा किसान पर आधा दर्जन बदमाशों ने घेरकर कातिलाना हमला कर दिया। बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की, जिसमें एक गोली किसान के कंधे में जा धंसी। गंभीर हालत में पीड़ित को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। इस सनसनीखेज घटना के बाद से ग्रामीण इलाकों में भारी रोष और दहशत का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रिछेरा गांव निवासी रवि जाट खेती-किसानी का काम करता है। शुक्रवार की रात वह अपना दैनिक काम समाप्त कर पैदल अपने घर की तरफ आ रहा था। जब वह गांव के पंचायत भवन के पास पहुंचा, तभी वहां पहले से घात लगाकर बैठे कुछ लोगों ने उसे घेर लिया। पीड़ित रवि जाट ने बताया कि हमलावरों में कश्मीरा जाट, छोटू रघुवंशी, रवि और उनके साथ तीन अन्य अज्ञात बदमाश शामिल थे। इन सभी ने मिलकर अचानक उसका रास्ता रोक लिया और अभद्रता करते हुए गंदी-गंदी गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। खुद को घिरता देख और अपनी जान बचाने के लिए जब रवि वहां से भागने लगा, तो आरोपियों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। बदमाशों ने पीछे से उस पर पिस्तौल और दुनाली बंदूक से कई राउंड फायर किए। जान बचाने की कोशिश के दौरान एक गोली सीधे रवि के कंधे में जा लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। गोलीबारी की आवाज सुनकर आसपास के लोग और एक परिचित मौके पर पहुंचे, जिन्होंने तुरंत इसकी सूचना घायल के परिजनों और पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही कैंट थाना पुलिस और डायल-100 मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आनन-फानन में घायल किसान को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है। इस संबंध में एएसपी शैफा हाशिम ने बताया कि पुलिस को घटना की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की गई है।

कलेक्टर और एसपी की उपस्थिति में बैठक आयोजित, पार्किंग व फूड जोन व्यवस्थित करने पर जोर

त्योहारों पर यातायात व्यवस्था सुधारने की तैयारी, शहर में बनेंगे ट्रैफिक मित्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

आगामी त्योहारों के दौरान शहर में सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक हितिका वासल की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्किंग व्यवस्था, सड़कों पर व्हाइट लाइन निर्धारित करने, फूड जोन एवं गुमटियों को व्यवस्थित करने सहित यातायात सुधार के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।



ट्रैफिक मित्रों को मिलेगा प्रशिक्षण

यातायात प्रबंधन में आम नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए ट्रैफिक मित्र बनाए जाएंगे। इन्हें आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा यातायात व्यवस्था में उत्कृष्ट सहयोग देने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

पार्किंग और बाजार व्यवस्था पर जोर

शहर के प्रमुख बाजारों में पार्किंग स्थलों को व्यवस्थित करने और सड़कों पर व्हाइट लाइन निर्धारित करने पर जोर दिया गया। फूड जोन एवं गुमटियों का संचालन निर्धारित तरीके से कराने तथा सदर बाजार में बेसमेंट में संचालित दुकानों के संबंध में नियमानुसार नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने यातायात व्यवस्था में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी शिफ्ट के अनुसार लगाने तथा रोटेशन प्रणाली अपनाने के निर्देश दिए, ताकि व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो सके।

सोमवार से लागू होगी नई व्यवस्था

कलेक्टर ने एसडीएम, नगर पालिका सीएमओ एवं ट्रैफिक पुलिस सहित संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय से रविवार तक सभी सुझावों एवं प्रस्तावों को अंतिम रूप देने और सोमवार से उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सोमवार को भ्रमण कर यातायात व्यवस्था को देखा जाएगा । साथ ही जरूरी व्यवस्थाएं की जाएंगी। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सुमन, एसडीएम मती शिवानी पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर देवांशु शिवहरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

चक चुरैला कांड में एक और आरोपी गिरफ्तार, मोटर साइकिल एवं माल बरामद

गुना। फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम चक चुरेला में हुई बड़ी चोरी के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे एक और आरोपी राजवीर पारदी, निवासी ग्राम कनेरा, थाना धरनावदा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल और 4 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। गौरतलब है कि 2-3 अगस्त 2026 की रात बाबूलाल मीना के घर से बदमाश तिजोरी चोरी कर ले गए थे, जिसमें सोने-चांदी के जेवरात और नकदी रखी थी। घर से मोटरसाइकिल भी चोरी हुई थी। मामले में पुलिस ने पहले तीन आरोपियों राजू पारदी, गजानंद पारदी और लकी उर्फ चिकना पारदी को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर करीब डेढ़ करोड़ रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए थे।

अग्रवाल नवयुवक दल के सानिध्य में भक्ति रॉक बैंड भजन संध्या का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

अग्रवाल नवयुवक दल के सानिध्य में होटल नारायणा गार्डन में 'भक्ति रॉक बैंड–भजन जैमिंग' कार्यक्रम का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कोटा से आए 'रसिक वैष्णव' बैंड के कलाकारों ने संगीतमय भजनों की शानदार प्रस्तुतियां देकर पूरे प्रांगण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों, मातृशक्ति एवं युवाओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भजन संध्या का आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ आगरा से पधारे अरविंद महाराज के करकमलों से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रदीप मित्तल, सचिव अनिल अग्रवाल, ओमप्रकाश सिंघल, उमंग, राहुल मित्तल, सौरभ, विवेक गर्ग सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

कोटा से आए 'रसिक वैष्णव' बैंड के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्तिभाव में लीन कर दिया। संगीतमय भजनों से वातावरण भक्तिमय हो उठा और श्रोताओं ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर अग्रवाल नवयुवक दल के अध्यक्ष अनिल बिंदल (महू) एवं सचिव चंदु अग्रवाल सहित पूरी टीम ने अग्रवाल ट्रस्ट, समाज के वरिष्ठजनों, मातृशक्ति एवं युवा साथियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। आयोजन में हर्देयेश, राजीव, जलज, उमंग सिंघल, गौरव, अक्षय, ध्रुव, दिव्यांश, सचिन सहित अनेक युवाओं ने सहयोग प्रदान किया।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर गुना में पांच चरणों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

90 मरीजों की स्क्रीनिंग कर दिया परामर्श और उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जिला चिकित्सालय गुना के मनकक्ष विभाग द्वारा स्वास्थ्य समिति, रेडक्रॉस समिति एवं मन समिति के सहयोग से पांच चरणों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रेडक्रॉस समिति के अध्यक्ष डॉ. एल.के. शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लक्षण की दी जानकारी

कार्यक्रम के प्रथम चरण में आयोजित जागरूकता सेमिनार में मनोचिकित्सक एवं मानसिक स्वास्थ्य नोडल अधिकारी डॉ. आर.एस. भाटी ने मानसिक तनाव, अवसाद एवं अन्य मानसिक समस्याओं के लक्षण और उपचार की जानकारी दी। उपस्थित लोगों को नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई गई। मनोरोग नर्सिंग अधिकारी रवि सिंह यादव ने टेली-मानस हेल्पलाइन नंबर 14416 एवं मनहित ऐप के बारे में बताया।

जागरूकता रैली निकालकर दिया संदेश

द्वितीय चरण में स्लोगनयुक्त जागरूकता रैली निकाली गई। इसके माध्यम से आमजन को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया तथा पंपलेट वितरित कर मानसिक समस्याओं के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया।

225 विद्यार्थियों ने पोस्टर गतिविधि में लिया भाग

तृतीय चरण में विद्यार्थियों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य विषय पर तैयार पोस्टरों का प्रदर्शन एवं मूल्यांकन किया गया। इसमें 225 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उत्कृष्ट पोस्टर बनाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।चतुर्थ चरण में गर्भवती एवं प्रसवोत्तर महिलाओं को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लक्षणों एवं बचाव के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही उनकी स्क्रीनिंग कर आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया।

90 मरीजों की स्क्रीनिंग परामर्श और उपचार

पंचम चरण में 90 मरीजों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी स्क्रीनिंग की गई। आवश्यकता के अनुसार उन्हें परामर्श, उपचार एवं दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम का संचालन नर्सिंग ऑफिसर अर्चना आचार्य ने किया तथा आभार नर्सिंग ऑफिसर प्रज्ञा मांडवे ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. पी.एन. धाकड़, डॉ. आनंद शर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

समाचार संक्षेप

सेवा संकल्प अभियान : विधायक प्रियंका पैंची ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को किया सम्मानित



चाचौड़ा। शासकीय एकीकृत हाई स्कूल, पीपलहेड़ा डांग में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चाचौड़ा विधायक प्रियंका पैंची मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों एवं सराहनीय कार्यों के लिए पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया तथा उनका उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रियंका पैंची ने छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने, अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सफलता की सबसे मजबूत नींव है। विद्यार्थी अपनी प्रतिभा, मेहनत और अनुशासन के बल पर न केवल अपने परिवार, बल्कि अपने विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम भी रोशन करें। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना, उत्कृष्ट कार्यों को सम्मान देना तथा शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के चेहरे पर उत्साह और खुशी देखने को मिली।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़, जिला मंत्री कृष्ण सोनी, मंडल अध्यक्ष प्रद्युम्न मीना, मंडल महामंत्री गौरव चौकसे, जिला कार्यकारिणी सदस्य नंदू सैनी, पार्षद प्रवीण मीना, हरिबहादुर मीना, गुलाब सिंह जादौन सहित भाजपा के ज्येष्ठ-श्रेष्ठ पदाधिकारीगण, ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव, शिक्षा विभाग के अधिकारीगण, विद्यालय का समस्त स्टाफ तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

वृद्धा आश्रम में गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ का अनूठा आयोजन

गुना। शहर के वृद्धा आश्रम में सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या के अवसर पर गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ द्वारा पितरों की आत्म-शांति के लिए सामूहिक तर्पण और पिंडदान का आयोजन किया गया। संस्था पिछले 17 वर्षों से लगातार यह सेवा कार्य कर रही है। कार्यक्रम की शुरुआत में युवा प्रकोष्ठ के सदस्यों ने आश्रम की सभी मातांओं और बुजुर्ग भाइयों को तिलक लगाकर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान आश्रम के रहवासी वृद्धजनों ने अपने पूर्वजों की आत्म-शांति के लिए वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धापूर्वक तर्पण और पिंडदान संस्कार किया। गायत्री परिवार के जिला समन्वयक सुरेन्द्र प्रजापति और युवा प्रकोष्ठ के जिला समन्वयक सुनील सेन ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सर्वपितृ अमावस्या के अंतिम दिन सामूहिक तर्पण कराया गया है। इस धार्मिक व सेवाभावी आयोजन में कुल 32 परिजनों ने हिस्सा लिया, जिनमें 6 महिला वृद्ध माताएं और 26 पुरुष वृद्धजन शामिल रहे। सभी ने विधि-विधान से अपने पितरों का तर्पण किया। इस अवसर पर गुमान सिंह कुशवाह, राम शर्मा, रवि कुमार कुशवाह, राहुल सेन, जीतेन्द्र शर्मा, श्याम श्रीवास्तव, रामनाथ महेरा, वीरेंद्र गोस्वामी, प्रखर प्रजापति, निखिल गोस्वामी और श्रेष्ठ सेन सहित कई सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

राघोगढ़ में सेवा संकल्प अभियान के तहत साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

ठगी और साइबर अपराधों से बचने के बताए उपाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत हिंदूपत इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग, राघोगढ़ में साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग करने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एएसआई सीताराम ध्रुवे, विशिष्ट अतिथि के रूप में साइबर क्राइम ब्रांच के प्रधान आरक्षक राम मोहन दुबे एवं पवेन्द्र रावत उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनोद सिंह भदौरिया ने की। कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योति सिंह सेंगर के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के विभिन्न प्रकारों की जानकारी देते हुए ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी धोखाधड़ी, क्यूआर कोड के जरिए होने वाली ठगी, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया अपराध एवं डिजिटल भुगतान से संबंधित धोखाधड़ी के बारे में विस्तार से समझाया।

उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी लोगों को झांसे में लेकर उनकी बैंक संबंधी जानकारी एवं निजी विवरण हासिल करने का प्रयास करते हैं। ऐसी स्थिति में सतर्कता बरतना बेहद जरूरी है। विद्यार्थियों को सलाह दी गई कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी, पासवर्ड अथवा अन्य गोपनीय विवरण साझा न करें। साथ ही, अनजान लिंक पर क्लिक करने और संदिग्ध क्यूआर कोड स्कैन करने से भी बचें।

साइबर ठगी होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर करें संपर्क

अतिथियों ने साइबर अपराध का शिकार होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करने तथा आधिकारिक वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करते समय सतर्क रहने और दूसरों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

प्राचार्य ने साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का दिया संदेश

प्राचार्य डॉ. विनोद सिंह भदौरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा का ज्ञान प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक है। जागरूकता, सतर्कता और सावधानी अपनाकर साइबर अपराधों से काफी हद तक बचा जा सकता है। उन्होंने ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताते हुए डिजिटल सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया गया।

भरण-पोषण के 97,400 रुपए के मामले में फरार वारंटी इंदौर से गिरफ्तार

कुंभराज। पुलिस के विशेष अभियान ऑपरेशन हेल्पिंग हैंड के तहत कुंभराज थाना पुलिस ने भरण-पोषण की बकाया राशि के मामले में लंबे समय से फरार वारंटी शरबन प्रजापति (50) को इंदौर से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, ग्राम सगरिया कलां निवासी शरबन प्रजापति के विरुद्ध उसकी पत्नी ने कुटुम्ब न्यायालय, गुना में भरण-पोषण का प्रकरण प्रस्तुत किया था। निर्धारित राशि का भुगतान नहीं करने पर 97,400 रुपये की वसूली के लिए न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 233/21 में वारंट जारी किया गया था। एसपी हितिका वासल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने 9 अक्टूबर को आरोपी को इंदौर से गिरफ्तार किया। उसे 10 अक्टूबर को न्यायालय में पेश किया गया।

आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित, सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज



नवरात्रि एवं विजयादशमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित कासट, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमलेश साहू एवं नायब तहसीलदार की उपस्थिति में नगरवासियों से आपसी सहयोग, भाईचारे और सद्भाव के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई। बैठक में हिंदू उत्सव समिति के पदाधिकारी, नगर के गणमान्य नागरिक, नवरात्रि में माता रानी की झांकियां स्थापित करने वाली समितियों के प्रतिनिधि तथा रामलीला मंडल के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने अपने सुझाव प्रस्तुत करते हुए आगामी धार्मिक आयोजनों की जानकारी दी तथा व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की।

बैठक में बताया गया कि 11 से 19 अक्टूबर तक नवरात्रि उत्सव के दौरान नगर में विभिन्न स्थानों पर माता रानी की आकर्षक झांकियां सजाई जाएंगी। 14 अक्टूबर को सुबह खाटू श्याम मंदिर से लगभग पांच किलोमीटर दूर ग्राम गोरया खेड़ा स्थित बीजासन माता मंदिर तक श्रद्धालुओं द्वारा चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। 19 अक्टूबर को माता रानी की झांकियों का विसर्जन चल समारोह निकाला जाएगा। विसर्जन कार्यक्रम पार्वती नदी के समीप हाईवे पर निर्धारित स्थल पर संपन्न होगा। इस दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देशों एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। 20 अक्टूबर को विजयादशमी के अवसर पर हिंदू संगठनों द्वारा शस्त्र पूजन किया जाएगा। गोपाल मंदिर स्थित खड़े हनुमान जी मंदिर में पूजा-अर्चना के पश्चात अखाड़े के साथ भगवान श्रीराम एवं रावण दरबार की झांकियां नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शिव टेकरी के पास स्थित दशहरा मैदान पहुंचेंगी। दशहरा मैदान में रामलीला के कुशल कलाकार विभिन्न संवादों एवं प्रसंगों का सजीव मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। इसके बाद नगर परिषद द्वारा रंगारंग आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जाएगा। अंत में भगवान श्रीराम द्वारा रावण वध के प्रतीकात्मक प्रसंग के साथ रावण दहन किया जाएगा। यह आयोजन असत्य पर सत्य, अनीति पर नीति और दुराचार पर सदाचार की विजय का संदेश देगा।

छात्राओं ने दिया स्वच्छता, पर्यावरण एवं जल संरक्षण का संदेश

गुना। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद् गुना द्वारा शहर में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जल संचय के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 16 स्थित शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय, गुना में रंगोली, चित्रकला, कबाड़ से कला/जुगाड़ प्रतियोगिता, स्वच्छता की पाठशाला एवं स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेश अवस्थी के निर्देशानुसार नपा परिषद् गुना की सहयोगी स्वच्छता संस्था सिद्धिविनायक वेस्ट मैनेजमेंट सर्विसेज की IEC टीम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्राओं ने आकर्षक रंगोली एवं चित्रकला बनाकर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं, कबाड़ से कला/जुगाड़ प्रतियोगिता के माध्यम से अनुपयोगी वस्तुओं का पुनः उपयोग कर उपयोगी बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

सीएमओ ने किया निरीक्षण, छात्रों को दिलाया विकसित भारत का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राघौगढ़ अमित सोनी के निर्देशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत राघौगढ़ विकासखंड क्षेत्र के कोलारस एवं मकसूदनगढ़ में विभिन्न शासकीय संस्थानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान शासकीय विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत केंद्रों, छात्रावासों एवं उचित मूल्य की दुकानों सहित अन्य स्थलों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ तेज सिंह यादव शासकीय विद्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें विकसित भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को विकसित भारत के निर्माण का सामूहिक संकल्प भी दिलाया। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए तेज सिंह यादव ने कहा कि बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें, क्योंकि आने वाले समय में देश का भविष्य उन्हीं के हाथों में है। आज के विद्यार्थी ही कल देश की प्रगति और विकास की नींव बनेंगे। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के महत्व को समझाते हुए मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस दौरान विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया ।

लक्ष्य के अनुरूप अगर लक्षण नहीं हैं, तो प्राप्ति नहीं हो सकती: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य बहुत अच्छा है, परन्तु वो हमें प्राप्त नही हो रहा है। ऐसा क्यों? प्रायः करके आज कई लोग अपना लक्ष्य का निर्धारण करने के बाद भी उसकी प्राप्ति मे असफल क्यों रहते है? इसका समाधान है लक्षण का अभाव। लक्ष्य के अनुरूप अगर लक्षण नही है, तो कभी भी लक्ष्य की प्राप्ति नही हो सकती है। उन्होंने कहा कि जैसे माँ बेटे को कुछ काम करने को कहती है तो बेटा यह कहकर भाग जाता है कि, अभी आता हूँ। ऐसा बेटा माँ को तो मानता है, पर माँ की नहीं मानता। इसलिये कहा है पूत का लक्षण माँ की आज्ञा पालने में है। माँ को मानना और माँ की मानना को मे अपनापन तो है पर अहं बुद्धि के साथ है। इसी प्रकार आज भगवान को तो मान रहे हैं परन्तु भगवान की नहीं मान रहे हैं। गुरू को तो मान रहे है परन्तु गुरू की नही मान रहे है। अब ऐसा व्यक्ति क्या कभी सही-सही भक्त, शिष्य या सही पूत कहला सकता है? उत्तर सभी को पता है। हमारा स्वयं का कल्याण का मार्ग इसलिये अवरुद्ध है, कि हमने कभी इस ओर चिन्तन नही किया। सपोर्ट देना अलग है। सपोर्ट करना आपके श्रद्धान का विषय है और आपके समर्पण का विषय है। वस्तु की मौलिकता, वस्तु का मुख्य उसके प्रयोजन पर आधारित होता है। इसी को अर्थक्रिया-कारित्व कहते है। एक घड़ा बहुत सुन्दर है। सुन्दरता के कारण किसी ने इसका सुन्दर फोटो भी खींच लिया। एक प्यासा व्यक्ति आया, उसने उसे खोलकर देखा तो उसमें पानी नही था, क्योंकि छेद होने के कारण वह खाली हो गया। घड़े की अर्थ क्रिया है। जल धारण किया न होने से वह घड़ा अपना कोई अर्थ या महत्त्व नही रखता।

अशोकनगर के वूशु खिलाड़ी समीर पाठक को खेल कोटे से उत्तरप्रदेश पुलिस में मिली नौकरी

अशोकनगर। जिले के लिए गौरव का क्षण है। शहर के प्रतिभावान वूशु खिलाड़ी समीर पाठक पिता हरिओम पाठक का चयन उत्तरप्रदेश पुलिस कुशल खिलाड़ी भर्ती-2023 में आरक्षी



पीएसी के पद पर हुआ है। समीर पाठक पिता हरिओम पाठक किसान एवं माँ गायत्री पाठक ग्रहणी हैं। बेटे की सफलता से परिवार की खुशियों में चार चाँद लग गए और समीर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता एवं अपने कोच को दिया है। समीर के चयन पर मध्यप्रदेश वूशु संघ के अध्यक्ष अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आईपीएस जयदीप प्रसाद एवं प्रदेश सचिव मनोज गुप्ता सहित अशोकनगर वूशु संघ के अध्यक्ष दया सिंह संधू, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, पूर्व विधायक जजपाल सिंह, खेल विभाग से अरुण रघुवंशी एवं समस्त खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

शनि अमावस्या पर उमड़ी आस्था, जुगनू बावड़ी में स्नान से उतारे ग्रह-नक्षत्र दोष



चंदेरी। ऐतिहासिक नगर चंदेरी में शनि अमावस्या के पावन पर्व पर आस्था और परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिला। सुबह से ही स्थानीय प्रसिद्ध शनि मंदिर पर अपने जीवन के कष्ट और ग्रह-बाधाओं से मुक्ति पाने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने विधि-विधान से भगवान शनि देव को फूल-माला, काला कपड़ा और सरसों का तेल अर्पित कर पूजा-अर्चना की।

जुगनू बावड़ी में स्नान और जूते-चप्पल छोड़ने की परंपरा: मंदिर के समीप स्थित ऐतिहासिक जुगनू बावड़ी पर इस दिन विशेष रौनक रही। लोक-मान्यता के अनुसार, इस पवित्र बावड़ी में स्नान करने के उपरांत अपने पुराने जूते-चप्पल वहीं छोड़ देने से शनि के सभी कुप्रभावों और कष्टों से मुक्ति मिल जाती है। इसी अटूट आस्था के चलते बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने इस परंपरा का निर्वहन किया। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

पोस्टर प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने विश्व शांति को लेकर कला के कई रंग उकेरे बच्चों की प्रतिभा उभरकर सामने आई

अशोकनगर। लायंस क्लब अशोकनगर के द्वारा सेवा सप्ताह एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गाँधी इंटरनेशनल कैम्ब्रिज स्कूल में पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय विश्व शांति था, जिसमें छात्रों ने रंगों के माध्यम से शांति, अहिंसा और भाईचारे का संदेश देते हुए बेहद सुंदर पोस्टर बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार राघव शर्मा, द्वितीय पुरस्कार शिवांश तेलंग, तृतीय पुरस्कार इवान हिन्दू सोनी, प्रांजल रघुवंशी एवं अवनी रघुवंशी ने प्राप्त किया। सभी विजेता छात्र-छात्राओं को लायंस क्लब द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब अध्यक्ष विकास रघुवंशी, जोन चेयरपर्सन अभिजीत जैन, चार्टर्ड मेंबर संजय रघुवंशी, राजेश गाँधी, सह-सचिव सुयोग जैन, रिंकेश कांसल, अमित रघुवंशी, भंवर सिंह रघुवंशी, अजय जैन सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। क्लब अध्यक्ष विकास रघुवंशी ने कहा कि लायंस क्लब सेवा संकल्प के साथ निरंतर समाज सेवा के कार्य कर रहा है और बच्चों में शांति का संदेश पहुंचाना ही इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य है।

मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में जिला जेल अशोकनगर में शिविर आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



न्यायाधीश एवं सचिव मनीष अनुरागी एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा, जेल अधीक्षक ललित दीक्षित, सिविल सर्जन बीएल टैगोर, डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसल विष्णु नारायण विरथरे की उपस्थिति मे मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला जेल अशोकनगर में मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन एवं बंदियों से व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार किया गया एंव विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान निरूद्व बंदियों से उनके अधिवक्ताओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर बताया गया कि यदि किसी बंदी के पास अधिवक्ता नहीं है तो वह विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है। साथ ही बंदियों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई व बताया गया कि प्रत्येक बंदी को अपने अधिकार और कानूनी सलाह, विधिक सहायता के माध्यम से प्राप्त करने का अधिकार है। बंदियों को प्लीबार्गेनिंग योजना के संबंध में भी जानकारी दी गई। साथ ही बंदियों से उनके स्वास्थ्य, खान-पान एवं प्रकरणों की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनीष अनुरागी ने कैदियों को बताया कि वह अपनी मानसिक स्वास्थ्य को सही रखें जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सप्ताह भर का योगासन कार्यक्रम कारगर सिद्ध हो सकता है। सिविल सर्जन जिला अस्पताल बी एल टैगोर ने उपस्थित कैदियों को अच्छे विचार अच्छे खान-पान एवं अच्छे व्यवहार की सलाह दी जिससे उनकी मानसिक स्वास्थ्य को अच्छा किया जा सके। उन्होंने उपस्थित कैदियों को बताया कि वे योगासन सत्संग एवं अच्छे विचारों से अपनी मानसिक स्वास्थ्य को सही रख सकते हैं। इसी क्रम में जिला जेल की पाकशाला, लाइब्रेरी, वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष एवं जेल परिसर आदि का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उक्त शिविर में जेल अधीक्षक ललित दीक्षित एवं जेल स्टाफ उपस्थित रहा।

सेहराई कॉलेज में नशा मुक्त युवा संवाद एवं युवा मेले का आयोजन

जागरुकता गतिविधियों से नशामुक्त समाज का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शासकीय महाविद्यालय सेहराई की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा महाविद्यालय परिसर में 'युवा संवाद एवं विशेषज्ञ व्याख्यान' तथा युवा मेले का आयोजन किया गया। साथ ही गोद लिए गए खलीलपुर एवं अचलगढ़ में नशामुक्ति जागरूकता रैली, ग्रामीणों से संवाद और विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से नशामुक्त समाज का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं ग्रामीण समुदाय को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. विजय सिंह प्रभारी प्राचार्य पीएम श्री एक्सिलेंस अशोकनगर उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में डॉ सचिन सिंह प्राचार्य शासकीय गणेश शंकर विद्यार्थी महाविद्यालय मुंगावली, डॉ. मनोज सिसोदिया मेडिकल ऑफिसर अचलगढ़, ब्रजपाल यादव, प्रो. आनंद भारती, सलीम खान प्राचार्य शासकीय माधव उ.मा. विद्यालय सेहराई, अभय कुमार सिंघई जनभागीदारी समिति सदस्य, जनपद सदस्य सरपंच शामिल हुए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ अंजू सिहारे ने 100 दिन तक चलने वाले विषयों को सभी के समक्ष रखा। डॉ.रविन्द्र कुमार रीतोरिया ने संचालन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन संबोधन प्राचार्य एवं जिला संगठक रासेयो डॉ. अतुल गुप्ता ने दिया। मुख्य अतिथि विजय सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए व्यवस्थित अध्ययन, अनुशासन, समय का सदुपयोग और लक्ष्य के प्रति एकाग्रता अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने युवाओं को नशे एवं नकारात्मक गतिविधियों से दूर रहकर अपनी ऊर्जा शिक्षा, कौशल विकास और भविष्य निर्माण में लगाने के लिए प्रेरित किया। सलीम खान ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

प्रमुख आकर्षण रहा युवा संवाद

युवा संवाद के दौरान विद्यार्थियो ने खुलकर प्रश्न पूछें, और सत्र के विषय विशेषज्ञों ने उनकी शंकाओं का समाधान किया। इस दौरान डॉ सचिन सिंह, डॉ. मनोज सिसोदिया, डॉ. आनंद भारती ने कहा कि युवा शक्ति ही विकसित भारत की आधारशिला है। डॉ अली अहमद कुरैशी, अमन शर्मा सहित संस्थान के अधिकारी, शिक्षको नें सिग्नेचर कैंपेन की शुरुआत की। युवा मेले में सिग्नेचर कैंपेन एवं सेल्फी, पेंटिंग रंगोली बनाकर दिया।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विजेता

प्रथम स्थान पर सेजल साहू, द्वितीय स्थान वर्षा विश्वकर्मा नितिन साहू, तृतीय स्थान-साहिल ख़ान तनीषा रजक, विशेष प्रस्तुती छोटू रैकबार रहे।

प्रतियोगिता के विजेता

प्रथम स्थान पर तरनवीर कौर,द्वितीय स्थान-वर्षा विश्वकर्मा, तृतीय स्थान-साक्षी लोधी, सेजल साहू रही। इस अवसर पर विनोद कुमार गौतम, डॉ संध्या अहिरवार, डॉ सुरेश कुमार गर्ग, निर्मल सिंह,मनोज कुमार जैन, आरती नामदेव सहित दो सो से अधिक स्वयं सेवक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

उपचार के दौरान 20 वर्षीय महिला की मौत

अशोकनगर। जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत उमरी निवासी भूरिया पुत्री नारायण अहिरवार उम्र 20 साल को हिचकी आने और मुंह से सफेद झाग आने के बाद इलाज के लिए शाढ़ौरा अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

अवैध शराब के कई मामले किए दर्ज

अशोकनगर। जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। चंदेरी पुलिस ने ग्राम जारसल चक्क निवासी गुलाब सिंह लोधी के पास से 30 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार गुलाब सिंह लोधी के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब भी बरामद की गई है।

डीपीसी की रिपोर्ट पर युवा प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष पर मामला दर्ज

अशोकनगर। पिछले दिनों शिक्षा क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को लेकर प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष अभिषेक परमार के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाहर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया गया था, जिसे लेकर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह ने एसपी को ज्ञापन सौंपा था और मामला दर्ज करने की मांग की थी। उक्त मामले में कोतवाली पुलिस ने जिला परियोजना समन्वय अधिकारी राहुल शर्मा की रिपोर्ट पर से प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष अभिषेक परमार के विरूद्ध जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाहर नारेबाजी करने पर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने का मामला दर्ज किया गया है।

जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले किए गए दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत नहर कॉलोनी निवासी सविता साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी सचिन, दीपक और गजराज अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सचिन अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सोनू और प्रकाश साहू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जमूसर निवासी सुषमा यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भूरे यादव, मनीषा, किशोरी बाई यादव ने पुराने विवाद पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बड़ेरा चक्क निवासी महेश पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सिरनाम सिंह, हनुमंत सिंह और गिरवल सिंह विश्वकर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाटका पुरा निवासी बृजेन्द्र पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुरेन्द्र, विशेष, जस्सू रैकवार व उसकी पत्नि फरियादी की पत्नि को टेक्सी रखने की बात पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सुरेन्द्र रैकवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बृजेन्द्र, भारती पाल ने टेक्सी हटाने की बात पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बहादुरपुर निवासी धर्मेन्द्र रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दिनेश और राहुल केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

ट्रेन से टकराने से डॉक्टर ओमप्रकाश शर्मा की मौत

अशोकनगर। स्थानीय पारासर मोहल्ला निवासी 70 वर्षीय डॉक्टर ओमप्रकाश शर्मा की अस्पताल के पीछे रेलवे ट्रेक पर ट्रेन से टकराने के कारण मौत हो गई है। वह अशोकनगर मुख्यालय पर दिगम्बर जैन, ज्ञान सागर आयुर्वेदिक औषाधालय में वैध का कार्य करते थे। उनके दुर्घटना में निधन होने पर उनकी अतिम शव यात्रा में काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया।



नवरात्रि पर्व पर पुलिस का महिला शक्ति दल करेगा निगरानी

आज से नवरात्रि पर्व की शुरुआत, शहर में 100 से अधिक स्थानों पर सजेंगी झांकियां

पूरे दिन श्रद्धालु माता की प्रतिमाएं झांकी स्थलों पर ले जाते हुए देखे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर में सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक नवरात्रि महापर्व की शुरूआत आज से हो रही है, घर घर में माता की भक्ति के स्वर गूंजेगें, पूरे शहर के सार्वजनिक स्थानों पर झांकिया आयोजित की गई हैं। इन झांकियों में देवी मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की प्रतिमाएं, लाई गई हैं, जिन्हे शुभ मुहुर्त में रविवार को पूरे भक्ति भाव से स्थापित किया जाएगा। इस बार देवी मां हाथी की सवारी के साथ आ रही हैं, नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व पर पूरा शहर दुल्हन की तरह सज रहा है, हर झांकी स्थलों पर आयोजकों द्वारा आकर्षक लाईट की सजावट की गई है, प्रतिदिन आरती के जयकारे, इन झांकियों में गूजेंगे, रविवार को शुभ मुहुर्त में देवी मां की स्थापना की जाएगी। प्रत्येक झांकी आयोजक द्वारा घट स्थापना से पहले तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, आस्था और भक्ति के इस महा पर्व का आयोजन नारी शक्ति की पूजा का महा पर्व है। इस पर्व पर नौ दिनों तक देवी मां के नौ स्वरूपों की पूजा की जाएगी। इस बार अनेक झांकियों में देवी मां की प्रतिमाएं नए स्वरूप में नजर आएगीं। इन झांकी स्थलों के साथ पूरे जिले में जहां जहां भी देवी मां के पीठ स्थल हैं उन स्थलों पर बड़ी संख्या में श्रृद्धालु माता के दर्शनों के लिए पहुंचेगे।

आपात स्थिति में शक्ति दल करेगा महिलाओं की सुरक्षा

महिलाओं एवं बालिकाओं से सहायता संबंधी सूचना मिलने पर शक्ति दल तत्काल आवश्यक पुलिस सहायता उपलब्ध कराएगा। किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा अप्रिय स्थिति की जानकारी मिलने पर संबंधित थाना प्रभारी, पुलिस कंट्रोल रूम एवं वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने जिलेवासियों से अपील की है कि नवरात्रि पर्व को शांति, सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाएं तथा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और सम्मान का विशेष ध्यान रखें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा महिला सुरक्षा से संबंधित समस्या की सूचना तत्काल पुलिस को दें और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा अशोकनगर पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। नवरात्रि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, निर्भीक आवागमन एवं शांतिपूर्ण आयोजनों को सुनिश्चित करने के लिए अशोकनगर पुलिस पूरी सतर्कता एवं तत्परता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेगी।

पुलिस का शक्ति दल मोबाइल पेट्रोलिंग व्यवस्था से रखेगा नजर

नवरात्रि पर्व के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा तथा निर्भीक आवागमन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा की अभिनव पहल पर शक्ति दल के माध्यम से विशेष मोबाइल पेट्रोलिंग व्यवस्था प्रारंभ की गई है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशों के अनुरूप अशोकनगर पुलिस द्वारा धार्मिक स्थलों, गरबा आयोजनों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी।



सुबह 5 बजे से 10 बजे तक और शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक होगी निगरानी

दुर्गा पंडालों, गरबा स्थलों, युगल सरकार मंदिर, राजराजेश्वरी मंदिर, प्रमुख बाजारों, बस स्टैंड एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर महिला पुलिसकर्मियों की सक्रिय उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। शक्ति दल मोबाइल वाहनों से भ्रमण कर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेगा तथा आवश्यकता पड़ने पर महिलाओं एवं बालिकाओं को तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराएगा। शक्ति दल द्वारा प्रतिदिन प्रातः 5 से 10 बजे तक तथा सायंकाल 6 से रात्रि 10 बजे तक विशेष पेट्रोलिंग की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार अन्य समय में भी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। पेट्रोलिंग के लिए वाहन क्रमांक एमपी 03 8355, एमपी 03 0268, एमपी 03 9352 एवं एमपी 03 8358 में महिला पुलिसकर्मियों को निर्धारित ड्यूटी समय का पालन करने, संचार साधन साथ रखने तथा पेट्रोलिंग वाहनों को पर्याप्त ईंधन के साथ तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं।

एसआईआर पर लगे रोक

मुख्य चुनाव आयुक्त को बर्खास्त करने की मांग, ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शनिवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त करने व एसआईआर पर रोक लगाने की मांग पर दिल्ली में जंतर मंतर पर चल रहे आंदोलन के समर्थन में छात्र संगठन डीएसओ द्वारा कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

इस मौके पर डीएसओ के जिला सचिव विश्वीर भंडारी ने बताया कि पूरे देश भर में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ आंदोलन चल रहा है उन्होंने अपने पद का दुरूपयोग करते हुए मनमाने तरीके से एसआइआर पर निर्णय लिए जिसमें देश के 13 करोड़ मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं और पूरा देश जानता है कि यह बात केवल हम नहीं बोल रहे हैं बल्कि चुनाव आयोग के ही 2 अन्य सदस्यों के द्वारा यह बात बताई गई है बहुत सारे निर्णय ऐसे लिए गए हैं जिसमें उनकी राय नहीं ली गई, जो कि पूरी तरह से गैर लोकतांत्रिक है।

शनिवार को पूरे देश भर से छात्र-नौजवान दिल्ली में इकट्ठा होकर आंदोलन कर रहे थे और ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त करने एसआइआर पर रोक लगाने की मांग कर रहे थे बर्बरतापूर्ण तरीके से पुलिस ने डीएसओ सहित विभिन्न आंदोलन कारियों को डिटेन किया और आम जनता की आवाज को दबाया गया है, छात्र संगठन इसकी कड़ी निंदा करता है। आज के ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त किया जाए, काटे गए 13 करोड़ मतदाताओं के नाम बहाल किए जाएं और एसआइआर को भी रद्द किया जाए।

संपर्क अभियान अंतर्गत जिले में शिविर का आयोजन

अशोकनगर। शनिवार को संपर्क अभियान 2026 के अंतर्गत अशोकनगर जिले में 11 स्थानों पर शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बिल संबंधी एवं अन्य विषयो के संबंध में 399 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 385 शिकायतों का निराकरण मौके पर ही शिविर के दौरान किया गया। उक्त शिविर में 126 घरेलू तथा 71 कृषि उपयोग हेतु नवीन सर्विस कनेक्शन मौके पर ही जारी किए गए एवं 15 उपभोक्ताओं के नाम परिवर्तन किए गए। खराब मीटरों को मौके पर ही बदला गया। वोल्टेज संबंधी शिकायतों का निराकरण किया गया तथा ट्रांसफार्मर मेंटेनेंश भी शिविर के दौरान कराया गया। उपभोक्ताओ से शिविर के दौरान लगभग 09.21 लाख रूपये की वसूली की गई। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर की प्रदर्शनी भी सभी 11 शिविरों में लगाई गई।

अशोकनगर व चंदेरी की टीम के बीच रोमांचक मुकाबले हुए

चंदेरी में जिला स्तरीय डोज बॉल स्पर्धा का आयोजन, बालक बालिका वर्ग में चंदेरी टीम विजयी



हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

चंदेरी के शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय बालोद्यान में जिला स्तरीय डोज बॉल प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह एवं खेल भावना के साथ किया गया। प्रतियोगिता में जिले की विभिन्न टीमों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ विकास खंड शिक्षा अधिकारी राजेश तिवारी, विकास खंड क्रीड़ा अधिकारी अनिल शर्मा एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक सौरभ पुष्प त्रिवेदी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी राजेश तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। खेलों से बच्चों में शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ आत्मविश्वास, सहयोग और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम के अंतर्गत अशोकनगर एवं चंदेरी की बालक तथा बालिका टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले आयोजित किए गए। दोनों वर्गों में चंदेरी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की। प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका जाहिद, रोहित रघुवंशी, राममिलन एवं नवीन वर्मा ने निभाई। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में अमित जैन, शुभम तिवारी, अनुराग तोमर, गिरधारी पवैया एवं राजकुमार लोधी का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

शारदीय नवरात्रि पर्व आज से शुरू मां जागेश्वरी मंदिर में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

चंदेरी। शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ रविवार से हो रहा है। नवरात्रि पर्व को लेकर चंदेरी स्थित मां जागेश्वरी मंदिर में विशेष उत्साह का माहौल है। नौ दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक पर्व के दौरान माता रानी के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। नवरात्र को देखते हुए मंदिर कमेटी और प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं, ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मां जागेश्वरी मंदिर चंदेरी के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल है। नवरात्र के अवसर पर यहां दूर-दराज के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु माता के दर्शन करने पहुंचते हैं। पर्व के दौरान मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों की आवाजाही शुरू होने की उम्मीद है।

मंदिर कमेटी और प्रशासन ने पूरी की तैयारियां, नौ दिनों तक होगी मां की आराधना

श्रद्धालु विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे। मंदिर में व्यवस्थाएं पूर्ण नवरात्र पर्व को लेकर मंदिर कमेटी ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। वहीं, श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए प्रशासन भी व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैयार है। मंदिर परिसर में आने वाले भक्तों को सुविधाजनक तरीके से दर्शन कराने और भीड़ को व्यवस्थित रखने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

नौ दिनों तक रहेगी भक्तिमय माहौल की छटा

शारदीय नवरात्र के नौ दिनों में मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा की जाएगी। मंदिर में दर्शन, आरती और धार्मिक अनुष्ठानों के चलते वातावरण भक्तिमय रहेगा। श्रद्धालुओं में नवरात्र को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। पहले दिन से ही मंदिर में भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू होने की संभावना है। नवरात्र पर्व के साथ ही चंदेरी में धार्मिक गतिविधियों में तेजी आएगी और मां जागेश्वरी के दरबार में श्रद्धालुओं की आस्था का सैलाब उमड़ने की उम्मीद है।

अग्रसेन जयंती महोत्सव पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

लिप्पन आर्ट, बछवारस पट्टा निर्माण, लकी गेम्स और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



स्थानीय अग्रवाल पैलेस में अग्रसेन जयंती महोत्सव पर विभिन्न मनोरंजक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं, बच्चों एवं अन्य प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य सामाजिक एकता, पारिवारिक संस्कृति एवं बच्चों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना रहा। दोपहर में बहुओं के लिए लिप्पन आर्ट प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मां दुर्गा का भव्य स्वरूप तैयार किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुरभि अग्रवाल (पत्नी डॉ. गौरव अग्रवाल), द्वितीय स्थान रक्षा अग्रवाल तथा तृतीय स्थान आरती अग्रवाल एवं पूजा अग्रवाल ने प्राप्त किया। इसी क्रम में सासों के लिए बछवारस का पट्टा बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रथम स्थान संध्या अग्रवाल (पत्नी ललित अग्रवाल), द्वितीय स्थान स्नेहलता अग्रवाल तथा तृतीय स्थान सुकून अग्रवाल ने प्राप्त किया।

बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न आयु वर्गों में लकी गेम्स आयोजित किए गए। शून्य से 5 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान शिवाय अग्रवाल, द्वितीय स्थान श्रीजा अग्रवाल एवं तृतीय स्थान मनस्वी अग्रवाल ने प्राप्त किया। 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग में मोईश अग्रवाल प्रथम, दक्ष अग्रवाल द्वितीय एवं मौली अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहे। 10 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में शौरभि अग्रवाल ने प्रथम, अर्थ बंसल ने द्वितीय तथा सलोनी अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



सायंकालीन कार्यक्रमों का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन की पूजा-अर्चना एवं मां लक्ष्मी जी की आरती के साथ हुआ। इसके पश्चात विभिन्न आयु वर्गों में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। शून्य से 5 वर्ष आयु वर्ग की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में कविश अग्रवाल प्रथम, वेदा अग्रवाल द्वितीय एवं अंश अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहे। 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग में आरूणी अग्रवाल ने प्रथम, मिषिका अग्रवाल ने द्वितीय तथा विराज अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 10 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में आरुष बंसल प्रथम, परी अग्रवाल द्वितीय एवं कुश अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहे। महिलाओं की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बाबुओं के वर्ग में गीता वंशकर ने प्रथम, प्रियंका बंसल ने द्वितीय तथा पूजा अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, सासों की विलेन बनकर आने वाली प्रतियोगिता में किरण अग्रवाल प्रथम, अलका अग्रवाल द्वितीय एवं सीमा अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहीं।

इन प्रतियोगिताओं ने कार्यक्रम में मनोरंजन एवं उत्साह का माहौल बनाए रखा। इस अवसर पर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष बलराम अग्रवाल, सचिव मनीष बंसल, कोषाध्यक्ष पुनीत अग्रवाल, उपाध्यक्ष अश्विनी अग्रवाल एवं प्रोफेसर वेद प्रकाश गोयल सहित समाज के अनेक गणमान्यजन एवं सदस्य उपस्थित रहे।

सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या पर भोजन कराकर पितरों को याद किया, पंजाबी महिला विकास समिति दिव्यांग छात्रावास पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या पर विविध स्थानों पर भोजन कराकर पितरों को याद किया गया और उन लोगों को भी अवसर दिया गया जो इस तरह का कार्य नहीं करा पा रहे थे। पंजाबी महिला विकास समिति ने दिव्यांग छात्रावास में जाकर श्राद्ध पक्ष मनाया। सर्व पितृ अमावस्या अंतिम श्राद्ध के दिन छात्रावास दिव्यांग बच्चों को खाने पीने का सामान एवं कपड़े वितरित किए गए उनके चेहरों की मुस्कान देखकर जो खुशी मिली वह शब्दों में बयां नहीं की जा सकती हमें उन्हें अपने समाज की धारा से जोड़ने के लिए समय-समय पर उनसे मिलते रहना चाहिए बातचीत करते रहना चाहिए उन्हें एंजॉय कराना चाहिए यही हमारा कर्तव्य बनता है।

सकल हिंदू समाज ने श्राद्ध पक्ष में निर्धन एवं असहाय लोगों को कराया भोजनः श्राद्ध पक्ष पर सकल हिंदू समाज द्वारा करुणा निधि संस्था में पहुंचकर निर्धन, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को खीर-पूरी का भोजन कराया गया। करुणा निधि संस्था द्वारा प्रतिदिन जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जाता है। इसी सेवा कार्य में सहभागी बनते हुए सकल हिंदू समाज की ओर से श्रद्धापूर्वक भोजन वितरण किया गया। इस अवसर पर सकल हिंदू समाज के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा कि श्राद्ध पक्ष पितरों के स्मरण, श्रद्धा और सेवा का विशेष समय है। इस पावन अवसर पर ऐसे लोगों को भोजन कराने का सौभाग्य प्राप्त होना, जिनका कोई सहारा नहीं है, हमारे लिए पुण्य और सौभाग्य की बात है। पितरों की तृप्ति एवं उनकी स्मृति में जरूरतमंदों को भोजन कराना हमारी भारतीय संस्कृति और सेवा परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष रामकुमार चैधरी, उपाध्यक्ष विकास जैन (बल्ली), जिला मंत्री हेमंत जैन, उपाध्यक्ष मोहन नामदेव, हरिओम रघुवंशी, करुणा निधि संस्था के माधव सिंह रघुवंशी, पारस चंद जैन सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।



नम आंखों से पितरों को दी विदाई संपन्न हुआ पितृपक्ष महोत्सव

चंदेरी। पितरों के प्रति श्रद्धा, आस्था और कृतज्ञता का प्रतीक पितृपक्ष महोत्सव तर्पण के साथ संपन्न हो गया। नगर के परमेश्वर ताल पर मुख्य आयोजन हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने अपने पूर्वजों का विधि-विधान से तर्पण कर उन्हें भावपूर्ण विदाई दी। पूरे धार्मिक आयोजन को पंडित करुणानिधि भार्गव ने संपन्न कराया। पितरों के स्मरण और विदाई के इस अवसर पर श्रद्धालुओं के मन में श्रद्धा और भावुकता का संगम देखने को मिला। पितृपक्ष के दौरान पूर्वजों के प्रति सम्मान प्रकट करने की परंपरा का निर्वहन करते हुए लोगों ने तर्पण किया और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। परमेश्वर ताल पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में धार्मिक विधि-विधान के साथ पितरों का स्मरण किया गया। तर्पण की परंपरा के माध्यम से लोगों ने अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की।

ढाकोनी और देवगढ़ में सम्मान समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़

शासकीय माध्यमिक विद्यालय ढाकोनी एवं शासकीय प्राथमिक विद्यालय देवगढ़ में आदिवासी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को कॉपी, पेन, पेंसिल, स्केल, कलर, डिक्शनरी सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री भेंट कर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत ढाकोनी के सरपंच प्रतिनिधि रामप्रकाश शर्मा, वन विभाग ढाकोनी से विनोद कलावत एवं आयुष औषधालय के चिकित्सक डॉ. लक्ष्मीकांत त्रिवेदी उपस्थित रहे।

वहीं विशेष अतिथि के रूप में जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान, ब्लॉक समन्वयक द्वारका प्रसाद पाठक तथा विद्यालय के प्राचार्य बद्री प्रसाद मैईया एवं कप्तान सिंह परिहार की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके बाद देवगढ़ स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में भी विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। पितृमोक्ष अमावस्या पर संदेश दिया गया।

एचपीसीएल में 2015 से कार्यरत थे राघवेंद्र विश्वकर्मा, मौत, 11 वर्षीय बेटा गंभीर घायल

विधायक की कार की टक्कर से परिवार पर संकट, 3 बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नगर के छोटी महाकाल होटल के पास हाईवे पर हुए सड़क हादसे ने एक हंसते-खेलते परिवार को गहरे संकट में डाल दिया। राजगढ़ विधायक की फॉर्च्यूनर कार की टक्कर से बाइक सवार राघवेंद्र विश्वकर्मा की मौत हो गई, जबकि उनका 11 वर्षीय बेटा लक्ष्य गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दर्दनाक हादसे के बाद परिवार के सामने बच्चों के पालन-पोषण, पढ़ाई-लिखाई और भविष्य को लेकर गंभीर संकट खड़ा हो गया है।



बाजार से घर लौट रहे थे राघवेंद्र, रास्ते में हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार, मूल रूप से छतरपुर जिले के निवासी राघवेंद्र विश्वकर्मा करीब दस वर्षों से पीलूखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत थे। वे वर्ष 2015 से एचपीसीएल कंपनी में काम कर रहे थे और मेहनत-मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। करीब डेढ़ साल पहले ही उन्होंने कुरावर की हाईवे स्थित एसएस न्यूमार्केट रिजेंसी कॉलोनी में अपना घर बनाकर परिवार के साथ रहना शुरू किया था। हादसे के समय राघवेंद्र बाजार से खाने-पीने की वस्तुएं, फल और सब्जियां खरीदकर अपने छोटे बेटे लक्ष्य के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान भोपाल की ओर से आ रही फॉर्च्यूनर कार क्रमांक एमपी 04 डब्ल्यूसी 0111 ने छोटी महाकाल होटल के पास उनकी बाइक क्रमांक एमपी 04 क्यूएम 5768 को टक्कर मार दी। हादसे में राघवेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौत हो गई, जबकि बेटा लक्ष्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार, ओवरब्रिज पर चढ़ाई के ठीक पहले हुआ हादसा



टीआई जितेंद्र मवई के अनुसार, भोपाल से राजगढ़ लौट रहे विधायक अमर सिंह यादव की तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। हादसे में कुरावर की न्यू मार्केट कॉलोनी निवासी राघवेंद्र विश्वकर्मा (42) और उनका बेटा लक्ष्य विश्वकर्मा (11) घायल हुए थे। पुलिस के अनुसार घटना शनिवार सुबह प्रातः 7.30 बजे हुई। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार जब ओवरब्रिज से ठीक पहले अवैध कट पॉइंट पर फोरलेन पार करने के लिए राघवेन्द्र सड़क किनारे पर खड़े होकर वाहन निकलने की प्रतिक्षा कर रहे थे तभी अचानक भोपाल की तरफ से तेज रफ्तार कार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। मामले में पुलिस ने ड्राइवर पर मामला दर्ज कर कार जप्त कर ली है। वहीं, हादसे के बाद छोटी महाकाल होटल के पास बने अवैध कट पॉइंट की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस स्थान पर सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

पत्नी सविता और तीन बच्चों के सामने जीवन का सबसे बड़ा संकट

राघवेंद्र अपने परिवार की आजीविका का मुख्य सहारा थे। उनके परिवार में पत्नी सविता विश्वकर्मा, बड़ा बेटा आदित्य विश्वकर्मा, छोटा बेटा लक्ष्य विश्वकर्मा और बेटी धनिष्का हैं। पिता की असमय मौत ने तीनों बच्चों के सिर से पिता का साया छीन लिया है। वहीं, गंभीर रूप से घायल लक्ष्य के उपचार और परिवार की रोजमर्रा की जरूरतों को लेकर भी चिंता बनी हुई है।परिवार के लिए सबसे बड़ी मुश्किल यह है कि घर चलाने वाला व्यक्ति अब इस दुनिया में नहीं रहा।

शासन-प्रशासन से मदद की मांग

शासन-प्रशासन से मदद की मांग
हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से पीड़ित परिवार की मदद के लिए आगे आने की मांग की है। लोगों का कहना है कि परिवार की स्थिति को देखते हुए बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, भरण-पोषण और आजीविका के लिए हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि विधायक सहित संबंधित जनप्रतिनिधि और प्रशासन परिवार की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए पात्रतानुसार सरकारी योजनाओं, आर्थिक सहायता, बच्चों की शिक्षा संबंधी सुविधाओं और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए पहल करें। साथ ही, घायल बालक के उपचार में भी हरसंभव सहयोग किया जाए। स्थानीय लोगों की मांग है कि पीड़ित परिवार को केवल सांत्वना ही नहीं, बल्कि ठोस आर्थिक और सामाजिक सहायता भी मिले, जिससे सविता विश्वकर्मा अपने बच्चों का भविष्य संवार सकें।

मोड़ पर अनियंत्रित हुई

नारानिया में स्कूल क्रूजर खंती में कूदी, 14 बच्चे बाल-बाल बचे



ड्राइवर के पास हैवी लाइसेंस नहीं मिला पुलिस ने क्रूजर जब्त की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

क्षेत्र के नारानिया गांव में शनिवार सुबह स्कूली बच्चों से भरी क्रूजर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जा कूदी। वाहन में 14 बच्चे सवार थे, जो हादसे में बाल-बाल बच गए। जिस स्थान पर क्रूजर खंती में गिरी, उसके सामने कुआं था। गनीमत रही कि वाहन कुएं से कुछ कदम पहले ही तिरछा होकर रुक गया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। जानकारी के अनुसार, शांति इंटरनेशनल स्कूल, पटाड़िया धाकड़ की क्रूजर क्रमांक एमपी 42 पी 0553 रोज की तरह शनिवार सुबह करीब 10 बजे नारानिया गांव से बच्चों को लेने पहुंची थी। यहां से स्कूल जाने वाले 19 बच्चों में से सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या के चलते पांच बच्चे स्कूल नहीं गए। शेष 14 बच्चों को बैठाकर चालक हरिओम रुहेला वाहन लेकर रवाना हुआ। आरोप है कि गांव से बाहर निकलते ही चालक ने क्रूजर तेज गति से दौड़ा दी। नारानिया से हाईवे की ओर जाने वाली सड़क के मोड़ पर वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गया और खंती में जा गिरा। घटना की सूचना मिलते ही पचोर थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया पुलिस टीम और इमरजेंसी वाहन के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने घबराए बच्चों से बातचीत कर उनका हाल जाना और चालक से पूछताछ की। प्रारंभिक जांच में चालक के पास हैवी वाहन चलाने का लाइसेंस नहीं मिला। वहीं, उसका चरित्र प्रमाणपत्र भी नहीं बनवाया गया था। पुलिस ने क्रूजर जब्त कर चालक को पूछताछ के लिए थाने लाया है। मामले में पुलिस की जांच जारी है।

चार-चार घंटे बिजली बंद रहने से खेती और जनजीवन प्रभावित

अघोषित बिजली कटौती से परेशान हो की नारेबाजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

सरकार भले ही ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति के दावे कर रही हो, लेकिन अघोषित बिजली कटौती से किसानों और ग्रामीणों की परेशानी बढ़ती जा रही है। इसी के विरोध में शुक्रवार देर रात सारंगपुर के बालोंडी गांव के किसानों ने विद्युत कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी की और नियमित बिजली आपूर्ति की मांग उठाई। ग्रामीणों का कहना है कि बालोंडी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में चार-चार घंटे तक बिजली कटौती की जा रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले एक वर्ष से बिजली कटौती की समस्या बनी हुई है। वहीं, शहरी क्षेत्रों में पर्याप्त बिजली मिल रही है। ऐसे में ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब शहरों में पर्याप्त बिजली आपूर्ति हो रही है, तो गांवों के साथ भेदभाव क्यों किया जा रहा है? किसानों ने बताया कि गेहूं की बुआई हो चुकी है और अब खेतों में सिंचाई के लिए पानी पहुंचाना जरूरी है। बिजली नहीं मिलने से खेती प्रभावित हो रही है। वहीं, रात में बिजली कटौती के कारण बच्चों, माता-पिता और बुजुर्गों को मच्छरों के बीच परेशान होना पड़ता है। इस दौरान ग्रामीणों ने श्अटल ज्योति सिर्फ नाम की हैश और श्विद्युत विभाग हाय-हायश जैसे नारे लगाकर विरोध जताया। विद्युत कार्यालय में मौजूद ऑपरेटर मनोज बादल ने डायल 112 पर मोबाइल से सूचना दी। ऑपरेटर ने ग्रामीणों को बताया कि बिजली कटौती भोपाल स्तर से हो रही है और स्थानीय स्तर पर विद्युत कर्मचारी कटौती नहीं कर रहे हैं। प्रदर्शन में वीरेंद्र सिंह राजपूत, बालू सिंह राजपूत, चंद्रपाल सिंह, रोहित झाला, जसमत सिंह और निखिल माहेश्वरी सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे। किसानों ने मांग की कि ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि सिंचाई और घरेलू जरूरतों के लिए लोगों को परेशान न होना पड़े।

प्रभारी प्राचार्य धनगर हटाए गए, रवींद्र राव को मिला प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुठालिया

स्थानीय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुठालिया से बड़ी खबर सामने आई है। स्कूल के प्रभारी प्राचार्य दिनेश धनगर को तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया गया है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी, सावन पाटीदार ने 09 अक्टूबर को आदेश जारी किया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि दिनेश धनगर के विरुद्ध विभिन्न शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इन शिकायतों की जांच वर्तमान में प्रचलित है। जांच की निष्पक्षता बनी रहे और जांच किसी भी प्रकार से प्रभावित न हो, इस उद्देश्य से उन्हें प्रभारी प्राचार्य के दायित्व से मुक्त किया गया है।



रवींद्र राव को मिला अस्थाई प्रभार

वर्तमान में विद्यालय के नियमित प्राचार्य आर.के. यादव चिकित्सा अवकाश पर हैं। उनके अवकाश से लौटने तक वरिष्ठता के आधार पर विद्यालय के वरिष्ठ उच्च माध्यमिक शिक्षक रवीन्द्र राव को अस्थायी रूप से प्रभारी प्राचार्य का दायित्व सौंपा गया है। आदेश में निर्देश दिए गए हैं कि रवीन्द्र राव तत्काल प्रभार ग्रहण कर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य सुचारू रूप से संचालित करें। आर.के. यादव के अवकाश से लौटने पर विधिवत प्रभार लेन-देन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

महिला शिक्षक से दुर्व्यवहार का मामला बना कारण

सूत्रों के अनुसार, कुछ दिन पूर्व प्रभारी प्राचार्य दिनेश धनगर द्वारा विद्यालय की एक महिला शिक्षिका के साथ गाली-गलौज और दुर्व्यवहार किया गया था। पीड़ित शिक्षिका ने इसकी लिखित शिकायत पुलिस थाने में भी दर्ज कराई है। मामले की विभागीय जांच चल रही है, लेकिन पुलिस द्वारा कई दिन बीत जाने के बाद भी दर्ज न किए जाने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। शिक्षा विभाग की इस कार्रवाई को महिला सुरक्षा और विद्यालय में अनुशासन के नजरिए से एक सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

रामलीला का शुभारंभ, राम जन्म और ताड़का वध का मंचन किया



नरसिंहगढ़। शहर की ऐतिहासिक रामलीला का शुभारंभ शुक्रवार रात गणेश पूजन और आरती के साथ हुआ। हिंदू उत्सव समिति के सदस्यों ने आरती कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद रामचरितमानस की चैपाइयों के बीच राम जन्म और ताड़का वध के प्रसंगों का मंचन किया गया। स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति देखने बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे। राम की भूमिका निभा रहे सुमित व्यास के लिए यह किरदार मर्यादा, धैर्य और सत्य को जीवन में उतारने की प्रेरणा है। लक्ष्मण की भूमिका में राजेंद्र सिंह तोमर ने त्याग, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा को इस चरित्र की प्रमुख सीख बताया। रावण का अभिनय कर रहे दीपेंद्र सिंह राठौर ने कहा कि यह भूमिका अहंकार के दुष्परिणामों पर आत्मचिंतन का अवसर देती है। वहीं, हनुमान की भूमिका निभा रहे शिरीष उपाध्याय ने विनम्रता, भक्ति और निस्वार्थ सेवा को इस चरित्र का मूल संदेश बताया। नरसिंहगढ़ में रामलीला मंचन की परंपरा रियासतकाल से चली आ रही है। बीच के कुछ वर्षों तक आयोजन बंद रहा, हाल के वर्षों में इसे फिर शुरू किया। डिजिटल मनोरंजन के दौर में भी स्थानीय कलाकार पारंपरिक मंचन के जरिए इस सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। रामलीला का समापन 21 अक्टूबर को होगा। विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा, सत्येंद्र सिंह राठौर, शिव वैद्य, सद्गुरु आश्रम के प्रफुल्ल तोमर, छत्रवर्धन सिंह, कपिल वैद्य, जितेंद्र शर्मा, रामलीला समिति अध्यक्ष चेतन त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

भैंसवा माताजी, नौ दिन तक उमड़ेगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

शारदीय नवरात्रि का पर्व शनिवार से शुरू हो रहा है। विश्व प्रसिद्ध सिद्धदात्री मां बिजासन धाम भैंसवा माताजी में नौ दिनों तक आस्था और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु माता के दर्शन कर मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना करेंगे।

मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ट्रस्ट समिति ने पेयजल, छांव, अस्थायी स्वास्थ्य केंद्र, एंबुलेंस और पार्किंग की व्यवस्था की है। सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस बल भी तैनात रहेगा। नवरात्रि में घट स्थापना के साथ साधना, आराधना, जप, तप और हवन-पूजन किया जाएगा। दुर्गा नवमी पर मां बिजासन का विशेष अभिषेक होगा। पुजारी परिवार और ग्रामीण नौ दिनों तक श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे रहेंगे। सारंगपुर, पचोर, जीरापुर, खुजनेर सहित सैकड़ों गांवों से भक्त चुनरी लेकर माता के दरबार पहुंचेंगे। मां बिजासन मंदिर का निर्माण नागर शैली



में मकराना के कुंभारी पत्थर से किया जा रहा है। करीब 81 फीट ऊंचे शिखर का निर्माण प्रगतिरत है। अगले चरण में सभा मंडप, रंग मंडप और स्वागत द्वार का निर्माण किया जाएगा। मंदिर को भव्य स्वरूप देने का कार्य जारी है।

मुक्तिधाम में अस्थि कलशों को सुरक्षित रखने की मिलेगी सुविधा

ब्यावरा। अपनों को खोने का दुख झेल रहे परिजनों के लिए अंतिम संस्कार से जुड़ी व्यवस्थाओं को सहज और व्यवस्थित बनाना भी सामाजिक सेवा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसी उद्देश्य से भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा राजगढ़ ने ब्यावरा जनकल्याण समिति (मुक्तिधाम सुधार समिति) को अस्थि कलशों के सुरक्षित संग्रहण के लिए अलमारी भेंट की है। मुक्तिधाम परिसर में उपलब्ध कराई गई इस सुविधा से अस्थियों को व्यवस्थित और सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के बाद अस्थियों को सुरक्षित रखने की आवश्यकता को देखते हुए यह पहल की गई है।

अलमारी की व्यवस्था होने से अस्थि कलशों को रखने के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध होगा और उनका संग्रहण पहले की तुलना में अधिक व्यवस्थित तरीके से किया जा सकेगा। यह पहल उन परिवारों के लिए भी उपयोगी साबित होगी, जिन्हें विभिन्न कारणों से अस्थि विसर्जन की प्रक्रिया पूरी करने में समय लगता है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलवर यादव, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, रेडक्रॉस सोसाइटी के जिला सचिव संजय शेखर शर्मा, ब्यावरा जनकल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ. केसी मिश्रा, सचिव कृष्ण बल्लभ गुप्ता, डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. अशोक अग्रवाल, डॉ. कैलाश मिश्रा, संपत मोदानी, मुकेश सेन, प्रिंस छाबड़ा, सुरजीत अजवानी, शिशुपाल राणा, गिरिराज शाक्यवार, महेंद्र शाक्यवार, चिराग मोदानी, दुर्गा साहू और संजय सक्सेना सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कांग्रेस ने निकाली वोट बचाओ-देश बचाओ जन जागरण यात्रा

भाजपा व चुनाव आयोग की मिली भगत से देश मे चुनाव हो रहे: पूर्व ऊर्जा मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

देश आर्थिक मंदी महंगाई से जुझ रहा है डॉलर के मुकाबले रूपया गिर रहा है, किसानों को सोयाबीन का उचित दाम नही मिल रहा और आश्चर्य की भाजपाई दिए जला रहे है। बंगाल, बिहार राज्य के चुनाव मे जो हुआ वह देश के सामने है उक्त बात पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियवृत सिंह ने वोट-बचाओ देश बचाओ के तहत निकली जन जागरण यात्रा के बाद स्थानीय अटल चोक मे आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही उन्होने वोट चोरी के मुद्दे पर कहा कि लोकसभा मे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा इस मुद्दे को मजबूती के साथ उठा रहे है, विपक्ष मजबूत होकर काम कर रहा है तो सत्तापक्ष विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नही है। इसी के साथ उन्होने कहा कि राम मंदिर में चोरी , पेपर लीक एवं बालाघाट, छिंदवाड़ा, इंदौर की घटनाओं का जिक्र कर प्रदेश सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया। और मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से स्तीफा की मांग पर उन्होने कहा कि ज्ञानेश कुमार का स्तीफा हर हाल मे होगा। इसके पूर्व मे जनसभा को पूर्व विधायक डॉ रामप्रसाद दांगी, विधानसभा प्रभारी विनय राजौरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश पुरोहित, जिला पंचायत



सदस्य यशवंत सिंह गुर्जर ने अपने संबोधन मे केन्द्र व राज्य सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि लोकतंत्र मे सरकार की नीतियो और निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े मुद्दो पर सवाल उठाना विपक्ष का संवैधानिक दायित्व है, लेकिन सत्तापक्ष लोकतांत्रिक विरोध की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। वही मोहनसिंह अमलाबे, छापीहेड़ा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नृपेन्द्र सिंह, श्याम तेजरा पीपल्याकुल्मी, रामप्रसाद दांगी गुर्जरखेड़ी तरूण चोबे, सत्यनारायण सरावत आदि वक्ताओं ने केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार को आड़े हाथो लेते हुए कहा कि भाजपा के राज मे भ्रष्टाचार, महंगाई बढ़ रही है जिससे किसानों व व्यापारियों के चेहरे की चमक गायब है।

टेटवाल ने भी पूर्वजों का स्मरण किया

कृष्णसिंधु के तट पर किया गया तर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या एवं शनिचरी अमावस्या के पावन अवसर पर शनिवार को कृष्णसिंधु कालीसिंध नदी के तट स्थित कपिलेश्वर तीर्थ धाम में सामूहिक तर्पण एवं पिंडदान का आयोजन किया गया।

सुबह 7 से 10 बजे तक आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ अपने पूर्वजों का स्मरण कर जल, तिल एवं तिलांजलि अर्पित की तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं ने कालीसिंध नदी में स्नान कर अपने पूर्वजों की धूप विसर्जित की। इसके बाद कपिलेश्वर महादेव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और पुण्य लाभ प्राप्त किया। सुबह से ही तीर्थ धाम में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही तथा पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या पर तर्पण, पिंडदान, ब्राह्मण भोज और दान-पुण्य का विशेष महत्व है। इस दिन जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र एवं दक्षिणा दान करने तथा गाय को भोजन (ग्रास) कराने को भी शुभ माना जाता है। श्रद्धालुओं ने पितरों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया। इस अवसर पर प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने भी अपने पूर्वजों का तर्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। पंडित पवन पारीक, पंडित भूपेंद्र जोशी एवं पंडित बालकृष्ण के नेतृत्व में धार्मिक विधियां संपन्न कराई गईं। सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या के साथ ही पितृपक्ष के श्राद्ध कर्मों का समापन हुआ। इसके अगले दिन 11 अक्टूबर से शारदीय नवरात्र की शुरुआत होने के साथ ही धर्म और भक्ति का पर्व आरंभ होगा।

माता पंडालों, झांकियों और दशहरा आयोजन की व्यवस्थाओं पर की चर्चा



सारंगपुर। नवरात्रि एवं दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शुक्रवार शाम पुलिस थाना सारंगपुर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई और दशहरा आयोजन को लेकर चर्चा हुई। थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने पुलिस व्यवस्थाओं की जानकारी दी। वहीं, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला ने विभिन्न माता पंडालों, झांकियों और दशहरा पर्व के आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं पर सुझाव रखे। बैठक में नवागत एसडीओपी महेश सुनईया, तहसीलदार कपिल शर्मा, विद्युत विभाग के एई विद्यासागर सिंह और नगर पालिका सीएमओ दीपक रानवे सहित अन्य लोगों ने व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। इस दौरान समाजसेवी संजय विजयवर्गीय, वैभव पुष्पद, पार्षद राकेश पुष्पद, संतोष प्रजापति सहित विभिन्न माता पंडालों के अध्यक्ष एवं सदस्य मौजूद रहे।